हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025



### अपराध : घर के एक कमरे को 2.5 लाख में बेचा था

## बुजुर्ग महिला के घर से लाखों की चोरी, पुलिस ने मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भिक्षा मांगकर अपना जीवन यापन करने वाले बुजुर्ग महिला घर में ताला लगाकर तीजा मनाने गई जहां से वापस आई तो घर में रखे लाखो रूपयो को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया जिसके बाद महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट लिखाई जिसके बाद पुलिस ने धारा 305, 331(4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम नाहंदा थाना देवरी जिला बालोद निवासी अमृत बाई वैष्णव ने पुलिस को बताया कि वह वृद्ध होने से गृह कार्य करती है। उसका कोई औलाद संतान नही होने से गांव गांव में जाकर लोगों से भीक्षा मांगकर अपना जीवन–यापन करती है। 29 जुलाई 2024 को मेरे नाम के आवास मकान को गांव के जितेन्द्र पटेल के पास 2,50,000 रूपये में 01 कमरा को छोडकर शेष



आवास को बिक्री की थी। जिसमें मुझे नगद 2,50,000 रूपये दिया गया था। जिसमें 500 व 200 रूपये के नोट थे, जिसे मैं कमरा में रखे बडे टीना के पेटी के अंदर एक स्टील की डिब्बा में रखकर टीना के पेटी में दोनो तरफ संकल में ताला लगाकर रखी थी व कमरा अंदर बने लकड़ी के खुंटी से थैला में 4000 रूपये जिसमें 500–500 रूपये के नोट थे को बांधकर थैला सहित टांगकर रखी थी। 25 अगस्त के दोपहर करीबन 03 बजे घर के मेन दरवाजा में ताला लगाकर पीपरखार निवासी होम गिरी महराज के घर तीजा मनाने गई थी। तीजा मनाकर शाम घर वापस आई तो देखी कि मेरे घर के मेन दरवाजा में लगे ताला टुटा हुआ था, अंदर जाकर देखी तो टीना के बडी पेटी में लगा दोनो ताला कुंदा सहित उखडा हुआ था, पेटी में रखे नगदी रकम 2,50,000 जिसमें 500 व 200 रूपये के नोट थे व कमरा अंदर बने लकड़ी के खुंटी से थैला में 4000 रूपये जिसमें 500–500 रूपये के नोट थे को बांधकर थैला सहित टांगकर रखी थी, जो नही थी। कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे मकान के दरवाजा में लगा ताला को तोडकर मकान अंदर प्रवेश कर टीना के बडा पेटी में लगा ताला सहित कुंदा को उखाड़कर नगदी रकम चोरी कर ले गया है।

### शादी में शामिल होने गए युवक की बाइक चोरी, मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम अरजपुरी निवासी दीपक राम टांडिया की मोटर सायकल चोरी हो गई। दीपक ने पुलिस को बताया कि 3 जून 2025 को वह नंगुटोला गांव में आयोजित शादी कार्यक्रम में शामिल हुए थे और अपनी मोटर सायकल (क्र. सीजी 24 एम 6746) गली में खड़ी कर दी थी। शादी कार्यक्रम से लौटकर जब दीपक अपनी बाइक लेने पहुंचे, तो वह गायब मिली। बाइक को खोजने के प्रयास असफल रहने के बाद उन्होंने 28 अगस्त 2025 को थाना मंगचुवा में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राजहरा परिवहन संघ ने मांगों के लिए शुरू किया आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगरहित और स्थानीय युवाओं के रोज़गार की मांग को लेकर राजहरा परिवहन संघ ने आखिरकार आरपार की लड़ाई का बिगुल बजा दिया है। राजहरा परिवहन संघ ने 28 अगस्त से दल्लीराजहरा माइंस ऑफिस के समीप छत्तीसगढ़ महतारी की छाया प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया है। राजहरा परिवहन संघ का कहना है कि अगर 31 अगस्त तक उनकी जायज मांगों का निराकरण नहीं होता है, तो 1 सितंबर से बीएसपी द्वारा किए जा रहे लौह अयस्क परिवहन कार्य को बाधित किया जाएगा।

परिवहन संघ के सचिव अनिल सुथार ने बताया कि 25 जुलाई को कलेक्टर बालोद, एसडीओ (राजस्व) डौंडी दल्लीराजहरा और बीएसपी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर 30 जुलाई तक मांगों का समाधान करने की बात कही गई थी। इसके बाद 31 जुलाई, 13 अगस्त और 18 अगस्त को तीन बैठकें बुलाई गईं, लेकिन बीएसपी और प्रशासनिक अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका। संघ का ▶▶| शेष पेज 13 पर






## खबर संक्षेप



### हिंदी के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**भिलाई।** कक्षा छठवीं के नवीन पाठयपुस्तकों पर शिक्षकों का हिंदी विषय पर प्रशिक्षण रिसाली आत्मानंद स्कूल में विकासखंड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण दुर्ग ब्लॉक का आयोजित किया गया। जिसमें सरस्वती देवांगन, प्रेमलता गुप्ता, साइंस कुमारी नेताम, खेमराज साहू बीआरजी द्वारा विषय आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा, प्रशिक्षण के साथ पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों पर पाठ प्रदर्शन,साथ ही देवेंद्र तिवारी, प्रधान पाठक द्वारा योग के महत्व को बताया गया। डाइट से संगीता साहू द्वारा पाठ को बच्चों तक सहजता से संप्रेषित करने की बात कही। नेम सिंह साहू वरिष्ठ संकुल समन्वयक ने कहा कि पाठ पढ़ाने के पूर्व शिक्षक पूरी तैयारी के साथ कक्षा में उपस्थित रहे। पाठ में आ रही गतिविधियां भी कक्षा में कराई जाय, पाठ का शीर्षक एवं कवि एवं रचनाकार के बारे में भी जानकारी बच्चों को दें। समय-समय पर शिक्षकों द्वारा गीत, पाठ प्रदर्शन, जादू, खेल, शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण, कला शिक्षा,व्यावसायिक शिक्षा की भी जानकारी बीआरजी ग्रुप द्वारा दिया जा रहा। समय समय पर विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर, बीआरसी श्रवण सिन्हा द्वारा भी शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया गया।

### राष्ट्र भक्ति जीवन का आधार : विश्वनाथ

**दुर्ग।** शासकीय पॉलीटेक्निक में प्रथम सेमेस्टर के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विवेकानंद यूथ सर्कल द्वारा अखण्ड भारत विषय पर परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चिंतन और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन और वंदना से हुई। मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी विश्वनाथ बोगी ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय ने स्वागत भाषण में विद्यार्थियों को कार्यक्रम की उपयोगिता समझाई और राष्ट्र भक्ति को जीवन का आधार बताया।

# 20 लाख से बुधवारी बाजार में लगा पेवर ब्लॉक, नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 59 और 21 स्थित पटरी पार बुधवारी बाजार में श्रीगणेश चतुर्थी पर विकास की नई सौगात मिली। कैबिनेट शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं पार्षदों की उपस्थिति में पेवर ब्लॉक टाइल्स लगाने के कार्य का लोकार्पण किया।

यह कार्य 15वें वित्त आयोग की स्वीकृति अंतर्गत कराया गया है। बाजार क्षेत्र में 25 हजार स्क्वायर फीट हिस्से को कवर करते हुए पेवर ब्लॉक टाइल्स बिछाए गए हैं, जिस पर लगभग 20 लाख रुपये की लागत आई है। इस कार्य की घोषणा पिछले गणेश पक्ष में पार्षदों की मांग पर विधायक द्वारा की गई थी। गणेश चतुर्थी के शुभ पर्व पर इस घोषणा को साकार कर नागरिकों को समर्पित किया गया।

लोकार्पण अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देव नारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, काशीराम कोसरे, पार्षद विद्यावती सिंह, नीलम शिवेंद्र परिहार, गुलाब वर्मा, साजन जोसफ, सावित्री दमाहे, शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, मनोज सोनी, खालिफ रिजवी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान बाजार क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा और लोगों ने विकास कार्यों के लिए निगम टीम की सराहना की।

### जनता की सुविधा और विकास प्राथमिकता

कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा क्षेत्र की जनता की सुविधा और विकास हमारी प्राथमिकता है। बुधवारी बाजार हजारों लोगों की रोजमर्रा की ज़रूरतों से जुड़ा हुआ है। यहां पेवर ब्लॉक टाइल्स का काम पूरा होने से लोगों को बेहतर और साफ वातावरण मिलेगा। आने वाले समय में सरकार और निगम मिलकर ऐसे और कार्य करेंगे, ताकि नागरिकों को सुविधा और समुचित वातावरण मिल सके।

### मंत्री गजेंद्र यादव आयोजन में हुए शामिल




### रंग रोगन व लाइटिंग की भी व्यवस्था होगी

महापौर अलका बाघमार ने कहा नगर निगम का लक्ष्य है कि शहर के हर बाजार और वार्ड में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुदृढ़ आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बुधवारी बाजार पटरी पार क्षेत्र के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण स्थान है, यहां पेवर ब्लॉक टाइल्स के साथ-साथ रंगरोगन और लाइटिंग की बेहतर व्यवस्था भी कराई गई है। इससे बाजार का स्वरूप निखरकर सामने आया है और नागरिकों को सुविधाजनक माहौल मिलेगा।

**हड़ताल :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी पिछले 10 दिनों से धरने पर

# सद्बुद्धि यज्ञ में हवन करते हुए संविदा प्रथा दोहरी नीति व आश्वासन का किया स्वाहा

**जिला अस्पताल के सामने बुधवार को अनोखा प्रदर्शन, शासन-प्रशासन से दोहराई मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एनएचएम कर्मियों ने दसवें दिन हड़ताल स्थल पर ही सदबुद्धि यज्ञ किया। हवन करते हुए कर्मियों न संविदा प्रथा, दोहरी नीति और आश्वासन का स्वाहा -स्वाहा जाप करते रहे। खास बात यह रही कि हवन के दौरान कई एन एच एम कर्मचारी द्वारा नरेन्द्र मोदी , मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव व विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी का मुखौटा पहने शामिल हुए। हवन के द्वारा प्रार्थना की गई कि भगवान इनको सदबुद्धि दे और एनएचएम कर्मचारियों को रेगुलर कर संविदा प्रथा और संविदा भर्ती बंद दे।



### हड़ताल स्थल पर ही महिलाओं ने मनाया तीजा पर्व

छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्योहार तीज पर्व पर भी कई महिला एनएचएम कर्मी ऐसी थी जो हड़ताल में बकायदा शामिल हुई। अपने बच्चों तक को लेकर यहां आई। इस दौरान पर्व का नजारा पंडाल में ही दिखाई दिया। महिलाएं एक दूसरे के हथेली में मेंहदी लगाई। भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और इस पर्व को अनूठे अंदाज में मनाया।

### कोरोनाकाल में जान जोखिम में डाला

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मियों का कहना है कि कोरोना काल में जहां पुरे देश में कोरोना महमारी के चपेट में थी । उसी समय यही स्वास्थ्य विभाग के एन एच एम के अधिकारी से लेकर कर्मचारी अपने जान को जोखिम में डालकर आम जनता की सेवा की । उन्हें कोरोना से खुद के मृत्यु होने का डर भी नहीं था । वे अपने परिवार और अपने छोटे बच्चों को घर में छोड़कर कोरोना से पीड़ितों के उपचार में अपना जीवन व्यतीत किये। पर अभी छत्तीसगढ़ की सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रही है। एन एच एम के कर्मचारियों का सैलरी इतना कम है । कि उनसे ज्यादा मजदूरी करने वाले लोग कमाते हैं। एन एच एम कर्मचारियों को अपने परिवार तथा घर का रोजी रोटी चलाने में बहुत दिक्कत का सामना इस मंहगाई में करना पड़ रहा है।

### स्वास्थ्य सेवाएं ऐसे हो रही प्रभावित

एनएचएम कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी छोटे सरकारी अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद है। वहां के डाक्टर ,स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन तथा सभी एन एच एम कर्मचारी हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। साथ ही जिला चिकित्सालय दुर्ग में मरीजों की संख्या बहुत बढ़ गयी है। जिला चिकित्सालय दुर्ग के 60 प्रतिशत कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से रेगुलर स्टाफ पर काम का लोड बढ़ गया है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में आईसीयू , एस एन सी यू ,डी ई आई सी के सभी एन एच एम के डाक्टर ,नर्स और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी हड़ताल पर जाने से मरीज को बहुत परेशानी हो रही है। साथ ही श्रवण जांच केंद्र पूरी तरह बंद है। हमर लैब के स्टाफ की कमी के कारण बीएससी नर्सिंग के बच्चे सैंपल निकल रहे हैं। और रिपोर्ट बांट रहे हैं। और जिला चिकित्सालय दुर्ग में स्टाफ की कमी के कारण हमर लैब ,सभी वार्ड, ब्लड बैंक, एक्स रे लैब , सोनोग्राफी लैब में भी बीएससी नर्सिंग और जीएनएम नर्सिंग स्टूडेंट की ड्यूटी लगाई गई है। ट्रेनिंग में आने वाले बीएएमएस जो अनुभवी नहीं है। ऐसे डाक्टर की ड्यूटी लगाकर काम चलाया जा रहा है। और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तथा सभी गांवों में टीकाकरण का काम प्रभावित है। छोटे बच्चों को टीका नहीं लग पा रहा है। साथ ही टी बी के मरीजों को भी परेशानी हो रही है। क्यो दवा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। तथा उनकी काउंसलिंग का काम भी बंद हैत।

# पूरे 11 दिन चलेगा शहर में विशेष स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गणेश चतुर्थी का पर्व शहर में उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिक निगम ने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है। महापौर अलका बाघमार

■ आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जारी किए निर्देश

और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने संयुक्त बयान में कहा कि गणेशोत्सव के दौरान पंडालों और घरों में विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी और संस्कृति का भी हिस्सा है कि हम अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखें। निगम प्रशासन की ओर से सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। जहां-जहां गणेश पंडाल स्थापित होंगे, वहां सफाईकर्मी नियमित रूप से कचरा संग्रहण करेंगे। निगम प्रशासन ने पहले से ही सफाई कर्मचारियों को निर्देशित कर दिया है कि वे पूरे त्यौहार के दौरान अलर्ट मोड पर रहें। कचरा संग्रहण के लिए अतिरिक्त वाहन तैनात किए जाएंगे और पंडालों के आस-पास सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्वच्छ वातावरण से त्योहार के दिनों में नागरिक स्वस्थ रहेंगे और नगर का वातावरण भी शुद्ध व स्वच्छ बना रहेगा। निगम प्रशासन ने साफ किया कि अकेले प्रशासन से स्वच्छता अभियान सफल नहीं होगा, इसके लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग अनिवार्य है।

त्यौहारी सीजन को देखते हुए निगम ने यह निर्णय लिया है। वर्तमान में गणेश उत्सव चल रहा है इस वजह से प्रमुख रूप से बाजारों में भीड़ अधिक है। इसके कारण सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। महापौर अलका बाघमार स्वयं नियमित रुप से वार्डो का निरीक्षण करेंगी। इधर आयुक्त ने सभी सफाई सुपरवाइजरों को आदेशित किया है कि सफाई पर विशेष ध्यान दें।

### महापौर व आयुक्त ने नागरिकों से की अपील

महापौर और आयुक्त ने कहा कि नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी समझें। कचरे को कहीं भी न फेंकें, बल्कि उसे निगम द्वारा निर्धारित डस्टबिन या कचरा वाहन में ही डालें। इससे न केवल शहर की सुंदरता बनी रहेगी बल्कि बीमारियों का खतरा भी कम होगा। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि गणेशोत्सव का यह पावन अवसर हमें 'स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक' का संकल्प दिलाता है। आइए, इस पर्व को हम सब मिलकर न केवल आस्था और श्रद्धा के साथ मनाएं, बल्कि अपने शहर को भी साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी निभाएं।

# शिक्षानीति की आत्मा है संस्कृत, जिसने बनाया भारत को विश्वगुरु



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा पन्द्रह दिवसीय संस्कृत महोत्सव का सफल सम्पूर्ति समारोह सम्पन्न हुआ। आभासीय पटल पर लोकप्रिय हुए इस समारोह से उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, पंजाब एवं हरियाणा के साथ अन्य प्रदेशों के विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों ने भी गहरी रुचि दिखाई। गूगल मीट पर उन सभी की जिज्ञासा देखते ही बनती।

■ ज्ञान-विज्ञान कोष की कुंजी संस्कृत को जाना जिज्ञासुओं ने

स्वामी गोविन्द गिरि महाराज अयोध्या, आयोजक संस्थान के अध्यक्ष आचार्य नवीन शर्मा बिलासपुर एवं भिलाई के प्रसिद्ध विद्वा- डॉ.महेशचन्द्र शर्मा ने विशेष रूप से गरिमामय मार्गदर्शन दिया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलपति प्रो.रमेशचन्द्र पण्डा ने बताया कि संस्कृत भारतीय ज्ञान परम्परा का मूल आधार है। डॉ.हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के संस्कृत प्राध्यापक डॉ.नौनिहाल गौतम ने कहा कि ₹ज्ञानभारतम्₹ भारत शासन का नया उपक्रम है।

सत्यमेव जयते की तरह पूरे देश की संस्थाओं के आदर्श वाक्य संस्कृत में हैं। छ.ग.संस्कृत विद्यामण्डलम्- के पूर्व अध्यक्ष डॉ.सुरेश कुमार शर्मा ने विस्तार से संस्कृत का महत्त्व रेखांकित किया और छत्तीसगढ़ी-संस्कृत शब्दकोश रचना की जानकारी दी। भिलाई के आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा ने कहा कि नाट्यशास्त्र विश्व धरोहर है और नटराज शिव नाटक और नृत्यों के आराध्य देव हैं।

साथ ही 14 माहेश्वर सूत्र उनके डमरू से निकले हैं। आयोजन के सूत्रधार डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि 15 दिवसीय यह ज्ञान यज्ञ और परिचर्चा यह सिद्ध करने में पूर्ण सफल रहा कि ₹ संस्कृत विज्ञान का आधार है₹ । इस दौरान श्लोकपाठ प्रतियोगिता, गीता प्रश्न मंच प्रतियोगिता एवं संस्कृत सम्भाषण प्रतियोगिता में भी सक्रिय भागीदारी रही। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की डॉ.पूर्णिमा केलकर, आचार्य मुकेश चौबे, आचार्य युवराज मिश्र, डॉ. रूपेन्द्र राधेश्याम तिवारी एवं आचार्य हेमन्त शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। इस डॉ. तोयनिधि वैष्णव, डॉ.दिव्या देशपाण्डेय, दुर्गेश नन्दिनी सोनी,सरस्वती श्रीवास्तव, ईश्वरी देवांगन, श्रद्धा दुबे, ईश्वरी प्रसाद साहू , शैलेश कुमार शर्मा, मनोज वैष्णव, पुराणिक निषाद, सन्तोष बघेल एवं रामायण साहू आदि अनेकानेक संस्कृत शिक्षक वृन्द जुड़े रहे।

# साइंस कॉलेज के मनोविज्ञान के छात्र परिषद ने ली शपथ



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में मनोविज्ञान छात्र परिषद का गठन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. उषा किरण अग्रवाल, प्राचार्य चंदूलाल चन्द्राकर, शासकीय पीजी महाविद्यालय, धमधा द्वारा मनोविज्ञान छात्र परिषद के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। डॉ. उषा किरण अग्रवाल ने व्याख्यान में व्यक्तित्व विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पक्षों को उजागर किया। छात्र परिषद की महत्ता को भी रेखांकित किया।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. अभिनेष सुराना ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मनोविज्ञान छात्र परिषद गठन किए जाने की सराहना की और पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह से अनुमति एवं आर्शीवाद प्राप्त कर मनोविज्ञान छात्र परिषद का गठन किया गया। पदाधिकारियों में अध्यक्ष ईशा राजपूत,उपाध्यक्ष दीपांशु महार, कोषाध्यक्ष अंजली वर्मा, सचिव तान्या देवांगन, सह-सचिव पीयूष शामिल हैं। दीपांशु महार एवं तान्या देवांगन ने कार्यक्रम का संचालन व ईशा राजपूत ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।




### पति-पत्नी ने किया देहदान, सौंपा वसीयत

**दुर्ग।** कसारीडीह कन्हैयापुरी निवासी पूर्व बीएसपी कर्मी कृष्ण कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी श्रीमती कस्तूरी देवांगन ने प्रेरणादायी कदम उठाते हुए देहदान का संकल्प लिया। इस कार्य के लिए उन्होंने अपनी देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों कुलवंत भाटिया, राजेश पारख, रितेश जैन एवं सुरेश जैन को सौंपी।

कृष्ण कुमार देवांगन के पुत्र अनुज देवांगन, उनके भाई आशीष देवांगन, बहु मनीषा देवांगन एवं मालती देवांगन ने इस निर्णय के लिए अपनी सहमति प्रदान की। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने देवांगन दंपति के इस मानवता के प्रति समर्पण और देहदान के निर्णय की प्रशंसा की तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# शासकीय महात्मा गांधी हायर सेकंडरी स्कूल में खेल सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत खेल सप्ताह के उपलक्ष्य बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए

■ बालिकाओं के लिए 100 मीटर दौड़ का आयोजन

खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं ने उत्सापूर्वक हिस्सा लिया। बालिकाओं के लिए 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। दौड़ में बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान दिया गया।

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू से मिली जानकारी अनुसार इस खेल सप्ताह का मुख्य उद्देश्य, संदेश समाज में बालिकाओं को



आत्मनिर्भर व स्वस्थ जीवन-यापन करने के साथ ही परिस्थिति निर्मित होने की स्थिति में स्कूल, कॉलेज, कोचिंग के मार्ग में अवांछित तत्वों द्वारा छेड़खानी करने, अपशब्दों का प्रयोग करने व पीछा करने की स्थिति में हेल्प लाईन नंबर का उपयोग प्रथमतः वे स्वयं की सुरक्षा करने में कर सकती हैं। इस कार्यशाला में बालिकाओं को खेल का महत्व शारीरिक गतिविधि के लाभ के बारे में बताते हुए अपनी रूचि के खेलों को दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित करने की समझाईश दी गई। खेल मनुष्य के मानसिक गतिविधि के लिए भी आवश्यक है शतरंज, लूडो आदि से मनुष्य के मानसिक विकास अत्यंत तीव्र गति से होता है, इसकी जानकारी दी गई। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास की टीम द्वारा विद्यालय में उपस्थित किशोरी बालिकाओं को महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह रोकथाम, पॉक्सो एक्ट, करियर गाइडेंस, मोबाइल की उपयोगिता, अनजान व्यक्ति, नंबर से सावधानी, घरेलू हिंसा, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की जानकारी दी गई। विद्यालय में उपस्थित प्राचार्य माधुरी देवांगन, शिक्षक एवं विद्यार्थियों को सीता कन्नौज से, महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) से, लक्ष्मीकांत यादव जेण्डर विशेषज्ञ, नमित्ता चतुर्वेदी कार्यालय सहायक, चाइल्ड हेल्प लाइन से सुश्री रेणुका, चन्द्रशेखर नायक, सखी वन स्टॉप सेंटर से कविता डोरले काउंसलर नेमेश्वरी सेन पैरालिगल कार्मिक एवं अन्य उपस्थित रहे।

**शिकायत के बाद भी प्रशासन ने नहीं लिया गंभीरता से, लोगों का गुजरना मुश्किल**

# रायपुर नाका अंडर ब्रिज को लेकर लोगों में दहशत, गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रायपुर नाका स्थित रेलवे अंडर ब्रिज इन दिनों लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। लोग इस ब्रिज से गुजरने को लेकर दहशत में हैं। मार्ग पर जानलेवा गड्ढे और हल्की बारिश के बाद बिजली गुल होने से यह परेशानी सामने आ रही है।

■ 10 दिनों में 7 से ज्यादा बार हो चुकी दुर्घटना

खास बात यह है कि इसे लेकर लगातार नगर निगम और रेलवे के अधिकारियों को वस्तु स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। बावजूद इसे अब तक गंभीरता से नहीं लिया गया है। पिछले करीब तीन महीने से ऐसे ही हालात बने हुए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया है। जबकि पटरीपार के सिंधिया नगर, कातुलबोड़, स्मृतिनगर, तितुरडीह को जोड़ने के लिए यह अंडरब्रिज सबसे अहम माना गया है। खास बात यह है कि महापौर अल्का बाघमार भी स्वयं इस मार्ग से गुजरती हैं, लेकिन उन्होंने भी इसके मेंटेनेंस को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई है।

### पानी जमा होने से गड्ढे हो जाते हैं जानलेवा

जानकारी के मुताबिक रेलवे अंडर ब्रिज में कई जगहों पर बड़े गड्ढे हैं। बारिश होन पर इनमें पानी भर रहा है। पानी भरने के बाद दोपहिया वाहन इससे गुजरते हैं। गड्ढा बड़ा होने की वजह से कई बार सड़क हादसे हो चुके हैं। लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। गिरने के बाद वे खुद ही उठते हैं, और निगम को कोसकर आगे बढ़ जाते हैं। कमोबेश रोजाना ऐसे ही हालात बन रहे हैं। समस्या लगातार बढ़ते जा रही है। बावजूद जिम्मेदारों ने गंभीरता नहीं दिखाई है।



### हल्की बारिश और तेज हवा के बाद बिजली गुल

स्थानीय लोगों ने बताया कि हल्की बारिश और तेज हवा के बाद अंडर ब्रिज में लगी लाइट बंद पड़ जाती है। इसकी वजह से पूरे ब्रिज में अंधेरा रहता है। ऐसे में कई बार संदिग्ध गतिविधियां भी हो जाती है। शरारती तत्व जोर-जोर से आवाज लगाते हैं। ऐसे समय में महिलाओं और युवतियों का रात के समय इस अंडर ब्रिज से गुजरना मुश्किल हो जाता है। डर की वजह से उन्हें वाइशेप ब्रिज से होकर गुजरना पड़ता है। कुछ लोग मजबूरी के बाद भी इस अंडरब्रिज से गुजरते हैं। करीब 400 मीटर लंबे इस अंडर ब्रिज में कई बार हादसा हो चुका है, लेकिन अब तक सुरक्षा को लेकर ध्यान नहीं दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### स्मेफी के सम्मेलन में मजदूरों की जागरुकता पर जोर

**भिलाई** । नेशनल यूनियन ऑफ सी फेयररस एनयूएसआई ट्रेनिंग सेंटर महाराष्ट्र में स्टील मेटल एंड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ( स्मेफी ) की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक हुई। स्मेफी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस डी त्यागी ने अध्यक्षता की। बैठक में स्मेफी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एचएस मिश्रा आदि शामिल हुए। महासचिव संजय बढ़ावकर व स्मेफी के अध्यक्ष एसडी त्यागी ने केंद्र सरकार की .यूनयनों के प्रति उदासीन पर कहा कि केंद्र सरकार सभी उद्योगों में कार्यरत यूनियनों को समाप्त करने के लिए प्रयासरत है। एचएस मिश्रा ने भी गुमास्ता सुरक्षा गार्ड सीमेंट उद्योग चार सहकारी शक्कर कारखाने के साथ पावर प्लांट इंजीनियरिंग एवं निजी इस्पात उद्योगों में भी यूनियन का पंजीयन करवाने की जानकारी दी। संगठन सचिव प्रेम सिंह चंदेल देवेंद्र सिंह आदि ने भाग लिया।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर बीएसपी में होगा मैत्री मैच

**भिलाई**। राष्ट्रीय खेल दिवस पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अपने अधिकारियों और कर्मचारियों (पुरुष एवं महिला) के लिए विविध खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन करेगा। आयोजन का संचालन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के तत्वावधान में 29 अगस्त सुबह 9 बजे सेक्टर-4 स्थित एसएए मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत कर्मचारियों के लिए एथलेटिक्स स्पर्धाएँ 100 मीटर दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक और लंबी कूद का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से एसएए मैदान में किया जाएगा। टीम खेलों को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है। सुबह 7 बजे मरोदा सेक्टर मैदान में मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच खेला जाएगा, वहीं शाम 4 बजे पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 के बास्केटबॉल ग्राउंड में बास्केटबॉल मैच का आयोजन होगा। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के लिए प्रतियोगिताएँ होंगी। शिक्षा विभाग द्वारा खेल प्रतिभा सम्मान समारोह भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में किया जाएगा। मुख्य अतिथि ईडी पवन कुमार होंगे।

### मैत्रीबाग में डेढ़ माह बाद खुली कैंटीन, पर्यटकों को राहत



**भिलाई**। मैत्रीबाग में घूमने के लिए आने वालों को अब ब्रेकफास्ट के लिए अब और भटकना नहीं पड़ेगा। करीबन डेढ़ महीने से बंद कैंटीन के खुलने से पर्यटकों ने राहत की सांस ली है। मैत्रीबाग जू में ट्विनसिटी सहित दूरदराज से आने वाले सैलानियों के लिए बीएसपी द्वारा कैंटीन का संचालन पिछले कई सालों से किया जा रहा है। लेकिन डेढ़ माह पूर्व रिन्यू आदि आदि के चलते कैंटीन को बंद कर दिया गया था। पेपर की औपचारिकताओं के बाद कैंटीन का संचालन फिर शुरु कर दिया गया है। कैंटीन के शुरु हो जाने से पर्यटकों ने राहत की सांस ली है। मैत्रीबाग में रोज भिलाई दुर्ग आसपास गावों और दूरदराज से लोग भ्रमण के लिए आते हैं। पर्यटकों ने बताया कि कैंटीन बंद होने से उन्हें गेट के बाहर नाश्ते के लिए जाना पड़ रहा था। अब राहत मिल रही है।

---

### कैंसर जागरूकता और टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए विशेष दिशा-निर्देश

# रेडक्रास प्रबंध समिति की बैठक में सदस्यता अभियान और स्वास्थ्य प्रशिक्षण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बालोद के प्रबंध समिति की बैठक जिला अस्पताल बालोद में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें सदस्यता अभियान पर चर्चा पर अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा सुझाव आया कि सभी सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, अनुविभागीय अधिकारियों, सभी पंचायत प्रतिनिधियों को रेडक्रास सदस्यता दिलाने पर जोर दिया गया। अध्यक्ष द्वारा प्रत्येक कार्य के लिए अलग से अनुमानित बजट बनाकर प्रस्तुत करने का सुझाव दिया गया। प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रत्येक महाविद्यालय, स्कूलों एवं दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र में जहां पर अक्सर दुर्घटनाएं होती है, ऐसे जगहों पर प्रशिक्षण दिये जाने हेतु जिला संगठक को आदेशित किया गया। जूनियर रेडक्रॉस के अंतर्गत जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाआओ का पंजीयन कराने पर जोर दिया गया और डीईओ और सभी बीईओ को आत्मानंद स्कूल को भी रेडक्रास की गतिविधियों से जोड़ने की सलाह दी गई। रेडक्रास की गतिविधियां बढ़ाने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास द्वारा छोटी–छोटी गतिविधियों से रेडक्रॉस को जन जन तक पहुंचाने हेतु सुझाव दिया गया। साथ ही कोई भी संस्था सीएमएचओ बालोद के अनुमति बिना कहीं भी रक्तदान शिविर नहीं लगाने का निर्देश दिया गया। जिला स्तरीय मेगा स्वास्थ्य शिविर रेडक्रास के बैनर तले सार्वजनिक उपक्रमों के साथ मिलकर आयोजित करने का सुझाव प्राप्त हुआ। सीएसआर और रेडक्रास की बैठक करने की बात कही गई, सदस्यो द्वारा रेडक्रास के साथ क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले संस्था, कॉलेज एवं काउंसलर को पुरस्कृत करने को कहा गया। प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के शिक्षकों को हाइजीन, पाक्सो, सड़क सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा व साइबर क्राइम की जानकारी हेतु बीईओ व डीईओ के माध्यम से स्कूलों को दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। राज्य चेयरमेन तोमन साहू ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रें में कैंसर जागरूकता की कमी के कारण हम कैंसर के शिकार हो जाते हैं, जिससे बचने के लिए सभी को कैंसर जागरूकता कार्यक्रम चलाने की सलाह दिया गया।

■ प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण शिविर स्कूलों, महाविद्यालयों और दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा

जिला चेयरमेन डॉक्टर प्रदीप जैन ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सभी को निक्षय मित्र बनने एवं रक्तदान हेतु वेबसाइट बनाने की बात कही। रेडक्रास अध्यक्ष ने प्रबंध समिति के सभी सदस्यों के लिए आई कार्ड व डोनेशन व सदस्यता अभियान के लिए क्यूआर कोड सभी जगह पर चस्पा करने हेतु सुझाव प्राप्त हुआ। विभिन्न समिति के तहत वित्त समिति, जूनियर रेडक्रास उप समिति, यूथरेडक्रास उप समिति, स्वास्थ्य समिति ,आपदा प्रबंधन समिति, सेंट जॉन एंबुलेंस समिति का गठन किया गया। बैठक के अंत में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव डा.जेएल. उइके द्वारा आए हुए सभी सदस्यों का आभार प्रदर्शन किया गया एवं राष्ट्रगान के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।




**ये रहे मौजूद**

इस बैठक में प्रमुख रूप से कलेक्टर बालोद एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस दिव्या उमेश मिश्रा, राज्य चेयरमैन तोमन साहू, एसडीएम नूतन कंवर, जिला चेयरमेन डॉ. प्रदीप जैन, सिविल सर्जन श्रीमाली, जिला उपसभापति कमला वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष रूप नारायण देशमुख, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद कमलेश सोनी, डॉ अजय साहू, डीईओ योगदास साहू समस्त विकासखंड के शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, आरटीओ अधिकारी, प्राचार्य महाविद्यालय बालोद डॉ जेके खलको, दिनेश तापड़िया, अकबर तिगाला, शरद ठाकुर, अश्विन बारले, एनुका सार्वा, राधा कौशिक, राकेश द्विवेदी, अंचल प्रकाश साहू, खेल अधिकारी किशोर मेहरा, चंद्रशेखर पवार, भेखराम साहू, रघुनंदन गंगबेर एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

---

# डॉली साहू का 'लाई-फाई प्रोजेक्ट' राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

हरिभूमि न्यूज. बालोद



■ प्रकाश की किरणों से डेटा और टेक्स्ट भेजने की नवाचारी तकनीक विकसित की

जिले की छात्र डॉली साहू ने अपनी नवाचारी प्रतिभा से पूरे देश में जिले का नाम रोशन किया है। स्पेस किड्स मिशन, अटल इनोवेशन मिशन और नीति आयोग के सहयोग से आयोजित यंग साइंटिस्ट इंडिया प्रोग्राम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद की छात्र डॉली साहू ने अपने अनूठे 'लाई–फाई प्रोजेक्ट' के साथ ग्रैंड फाइनल में स्थान बनाया है। यह प्रतियोगिता 28 और 29 अगस्त को चेन्नई में आयोजित हो रही है, जहाँ देश भर के 160 चुनिंदा प्रोजेक्ट्स में से डॉली का प्रोजेक्ट भी प्रदर्शित हो रहा है।

डॉली साहू ने अपने 'लाई–फाई प्रोजेक्ट' के माध्यम से प्रकाश की किरणों का उपयोग कर डेटा, ऑडियो और टेक्स्ट मैसेज भेजने की नवाचारी तकनीक विकसित की है। यह तकनीक भविष्य की तेज, सुरक्षित और ऊर्जा–कुशल संचार प्रणाली के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। इस प्रोजेक्ट ने न केवल तकनीकी नवाचार को बढ़ावा दिया है, बल्कि युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की सराहना करते हुए डॉली ने कहा कि यह उपलब्धि मेरे शिक्षक, परिवार, जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन व सहयोग के बिना संभव नहीं था। इस प्रकार के अवसर के लिए उसने स्पेस किड्स इंडिया और नीति आयोग को धन्यवाद दिया है।

जिले में कार्यक्रम के नोडल पंकज सोनी ने बताया कि यंग साइंटिस्ट इंडिया प्रोग्राम कार्यक्रम का उद्देश्य हाई स्कूल छात्रें में वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना और उन्हें नवाचार के क्षेत्र में कैरियर के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन में देश भर से लगभग 05 हजार से अधिक प्रविष्टियों में से 160 प्रोजेक्ट्स को ग्रैंड फाइनल के लिए चुना गया, जिसमें डॉली का लाई–फाई प्रोजेक्ट शामिल है। यह उपलब्धि बालोद जिले के लिए गर्व का क्षण है और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

---

## ठेका श्रमिकों को दें जीने लायक वेतन, प्रतिनिधियों ने रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जमशेदपुर में आयोजित इंडियन नेशनल स्टील, मेटल, मेटल माइंस एंड इंजीनियरिंग एम्प्लाइज फेडरेशन के सम्मेलन में भिलाई इंटक के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

ठेका मजदूरों को जीने लायक वेतन की मांग पर जोर दिया गया। देशभर से आए प्रतिनिधियों ने भारत में हो रहे औद्योगिकीकरण और तकनीकी बदलावों पर विमर्श किया। भिलाई इंटक के प्रतिनिधियों ने कहा कि कंपनियों में तेजी से बढ़ रहे ठेका प्रथा के कारण श्रमिकों के वेतन, नौकरी की स्थिरता और सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।

ठेका मजदूर स्थाई प्रकृति के कार्य कर रहे हैं एवं उत्पादन और लाभार्जन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। श्रमिकों को न्यूनतम वेतन के जगह जीने लायक वेतन सुनिश्चित किया जाए। तकनीकी बदलावों के अनुरूप श्रमिकों को कौशल उन्नयन का अवसर दिया जाए।

## मोबाइल हैक कर युवक के बैंक खाते से 1.84 लाख की धोखाधड़ी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद**। युवक के मोबाईल को हैक कर बैंक मे रखे लाखों रूपयो को उड़ा लिया गया, जिसके बाद पीड़ित युवक ने थाने मे अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जहां पुलिस ने धारा 318(4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बिरेतरा, पोस्ट चारवाही थाना व जिला बालोद निवासी प्रीतम यादव पिता स्व. लोकनाथ यादव 46 वर्ष ने पुलिस को बताया यूको बैंक शाखा बालोद में मेरा खाता है। जिसमें मेरा लेन देन होता है। उक्त खाता में मेरा जियो कंपनी का मोबाईल नंबर लिंक है। अचानक मेरा मोबाईल बंद हो गया था तब मैं मोबाईल दुकान में जाकर दिखवाया तो मोबाईल दुकान के संचालक ने मुझे बताया मोबाईल के सिम पुराना हो गया होगा इसलिए बंद हो गया है। नया सिम लेने का सुझाव दिया, तब मैं जियो कंपनी के ऑफिस बालोद में जाकर फॉरमेल्टी पूर्ण कर नया मोबाईल सिम पुराना मोबाईल नंबर को लिया हूँ, कंपनी के द्वारा बताया गया मोबाईल का फंक्शन 24 घण्टा में चालू होगा, रात्रि मेरा मोबाईल चालू हुआ तब मेरे मोबाईल में मैसेज आया तब मुझे पता चला मेरे मोबाईल नंबर को हैक कर मेरे यूको बैंक खाता मे जमा रकम 1,84,000 रूपये को छल से निकालकर धोखाधड़ी किया है।

## जोन-2 जवाहर सब्जी मंडी रोड जर्जर, निर्माण जल्द होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा जोन 2 अंतर्गत के एच मेमोरियल स्कूल के सामने निगम स्वामित्व के हरित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है। कब्जा मुक्त कर उद्यान निर्माण हेतु शोभायमान एवं फूलदार पौधों के रोपण हेतु निर्देशित किया गया है। निगम आयुक्त द्वारा जवाहर नगर सब्जी मंडी से लगा हुआ रोड का मुआयना किया गया जो कि वर्तमान में जर्जर अवस्था में है। उक्त रोड निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति पश्चात निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, वर्षा ऋतु पश्चात रोड का निर्माण किया जाएगा। आयुक्त द्वारा आम्रपाली, प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित कॉलोनी के नाली एवं सफाई व्यवस्था में आवश्यक सुधार हेतु जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा को निर्देशित किया गया है। कुरूद सुंदर विहार स्थित रूरल रोड नेटवर्क मैनेजमेंट यूनिट के बाजू कच्चा रोड है, नवीन पक्का रोड निर्माण में प्राक्कलन अनुसार लगभग 82 लाख रुपए का व्यय होना संभावित है । इस रोड के निर्माण हेतु मोहल्लेवासी कई वर्षो से परेशान है और मांग कर रहे हैं, निगम आयुक्त रोड की दयनीय स्थिति देखकर तत्काल निविदा की प्रक्रिया हेतु निर्देशित किये हैं। भ्रमण के दौरान उप अभियंता अर्पित बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे। जवाहर नगर सब्जी मंडी जिसकी ज्यादातर दुकानों की स्थिति जर्जर है, यहां गिनती के कुछ ही दुकान संचालित है। संचालित दुकान में आयुक्त द्वारा पूछताछ करने पर आवंटित दुकानदार के बदले किराएदार मिला । निगम आयुक्त द्वारा व्यवस्था में सुधार हेतु कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया गया है ।

■ उद्यान में कब्जा, तत्काल हटाने के लिए किया निर्देशित

## तीजा में उपवास रख आलू के लिए दौड़े, मटका फोड़ में जीता पुरस्कार

**भिलाई**। मां कल्याणी शीतला मंदिर समिति मरोदा टैंक में तीन दिवसीय तीजा तिहार के दूसरे दिन सिर्फ महिलाओं के लिए विविध खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें तीजहारिन महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद के तहत गोटा, तिरीपासा, फूगड़ी, रंगोली, मेंहदी, मटका दौड़ सुईधागा दौड़, आलू दौड़, जनऊला, सुरीली कुर्सी, गोली चम्मच, धीमी चाल, मटका फोड़ जैसी विभिन्न खेल स्पर्धा हुईं। महिलाओं ने उपवास होने के बाद भी उत्साह पूर्वक विभिन्न खेल कूद में भाग लेकर पुरस्कार जीते। संध्या में माँ कल्याणी के दरबार में फूलेरा तीजा का पूजा-पाठ हुआ। रात्रि में खेलकूद की विजेता तीजहारिन महिलाओं को पुष्कृत किया गया।

# परसदा में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

गणेश चतुर्थी पर्व के शुभ अवसर पर ग्राम परसदा में भगवान श्री गणेश जी की भव्य मूर्ति का आगमन बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ हुआ। शानदार धुमाल ग्रुप और 'गणपति बाप्पा मोरया' के जयघोष से समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस भव्य आगमन के आयोजक श्री राम राज युवा संगठन परसदा के सभी सदस्य गण सृजन, गीतांशु,मिलेश्वर, ईश्वर,तुषार, हेमेंद्र, लिकेश, गुलशन, चंदन, योगराज, नोमेंद्र, दुर्जन, खोमलाल, इशांत, भागवत, लक्की, नुभम, शिवम, लीलेश्वर(उपसरपंच) एवं समस्त सदस्यगणों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। इस वर्ष श्री राम राज युवा संगठन परसदा द्वारा स्थापित की गई गणेश जी की प्रतिमा अपने अद्भुत सौंदर्य, कलात्मकता और ऊचाई के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### घर-घर पहुंचे गणपति बप्पा का ढोल-नगाड़ों से हुआ भव्य स्वागत

**डौंडीलोहारा**। नगर एवं ग्रामीण अंचल में गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के बीच गणपति बप्पा का स्वागत किया गया। जगह-जगह भक्तों ने ढोल-नगाड़े और बैंड-बाजों के साथ प्रतिमा का नगर भ्रमण कर भव्य शोभायात्रा निकाली। युवाओं ने पंडालों को फूलों, झंडों और झालरों से सजाया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक ढोल की थाप पर नाच-गाना किया। नगर के मुख्य मार्ग, पुराना अस्पताल के पास, राजापारा, संजय नगर और टिकरा पारा सहित अन्य क्षेत्रों में आकर्षक पंडालों में गणेश प्रतिमा स्थापना की गई। गणेशोत्सव के दौरान विभिन्न पंडालों में आरती, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रतिमा स्थापना से नगर में खुशहाली और समृद्धि का माहौल लौट आया है।

**पेज 11 का शेष**

### राजहरा परिवहन संघ ...

आरोप है कि यह रवैया स्पष्ट करता है कि बीएसपी प्रबंधन और प्रशासन उनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। **संघ की प्रमुख मांगें:** दल्लीराजहरा से भिलाई तक लौह अयस्क का 25-40 प्रतिशत परिवहन कार्य राजहरा परिवहन संघ को दिया जाए। हितकसा स्थित पैलेट प्लांट से निर्मित पैलेट का आनुपातिक परिवहन कार्य संघ को मिले। बीएसपी प्रबंधन द्वारा निजी क्षेत्र को बेचे जाने वाले अनुपयोगी लौह अयस्क का परिवहन स्थानीय वाहकों को मिले। जिले में रोजगार सृजन कर हो रहे पलायन पर रोक लगाई जाए। जिला खनिज न्यास निधि की राशि का अधिकतम उपयोग दल्लीराजहरा के विकास कार्यों में किया जाए। संघ का कहना है कि यदि उनके वाहनों से परिवहन कार्य प्रारंभ होता है, तो न केवल वाहन मालिक बल्कि ऑटो पार्ट्स विक्रेता, टायर-मैकेनिक, ड्राइवर-हेल्पर, रिपेयरिंग दुकानदार समेत सैकड़ों परिवार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। इससे रोजगार के नए अवसर खुलेंगे और नगर का विकास होगा। संघ के सदस्यों ने बताया कि पहले बीएसपी अधिकारियों ने भरोसा दिलाया था कि निर्माणाधीन पैलेट प्लांट से पैलेट का परिवहन कार्य राजहरा परिवहन संघ को दिया जाएगा, लेकिन उत्पादन शुरू होने के बाद भी वादे पूरे नहीं हुए। अब संघ का कहना है कि इस बार पीछे हटने का सवाल ही नहीं – जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर संरक्षक अतिंदरसिंह संधू, अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तुली, परमजीत सिंह, जगजीत सिंह मरवाहा, अनिल सुथार, अशोक लोहिया, संदीप बरमोटे, राजू संधू, विजयकुमार डडसेना, दिलीप कुमार सिन्हा, सरजीत सिंह, विक्की शाह, बंटी रंधावा, सोनू बग्गा, सुरेश बाघमार सहित सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

---

### आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश, लापरवाही सामने आने पर होगी कार्रवाई

# तालाब की दीवार ढहने के मामले में कार्य एजेंसी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में दो माह पहले बारिश के दौरान दो तालाबों का दीवार ढहने के मामले में खानापूर्ति जारी है। इसे लेकर भिलाई-चरोदा निगम की जमकर किरकिरी हो रही है।

मामला सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई कर दीवार को जल्द कंप्लीट करने का नोटिस जारी किया है। लेकिन दो माह बाद भी जांच पूरा नहीं हो पाया है। इसे लेकर आयुक्त ने ईई सुनील जैन, विक्टर वर्मा को भी नोटिस जारी किया था। शांति नगर बंधवा तालाब 1करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यकरण का काम शुरु हुआ था। जिसका ठेकेदार रविन्द्र गेडाम है। शीतला पारा में स्थित बम्नीन तालाब 92 लाख रुपए लागत से काम शुरु हुआ था। जिसका ठेकेदार गोलू चंद्राकर है। दीवार ढहने के बाद आयुक्त डीएस राजपुत ने ठेकेदारों का पेमेंट रोक दिया है। तत्कालीन ईई और सब इंजीनियर के खिलाफ विभागीय जांच शुरु हो गई है। ठेकेदारों को नोटिस जारी कर कहा गया कि दीवार का निर्माण बेहतर ढंग से करे अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा ठेकेदार गोलू, रविन्द्र गेडाम के द्वारा भिलाई-चरोदा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यो की जांच शुरु हो गई है। विकास कार्यो में भ्रष्टाचार करने वाले ठेकेदारों पर आयुक्त डीएस राजपूत ने कड़ा रुख अपनाते काम जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। बमनीन तालाब और बंधवा तालाब को लेकर लंबे समय से सौंदर्य करण करने की मांग उठ रही थी। रकम पास होने के बाद ठेकेदारों ने विकास कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया।



**तत्कालीन ईई और सब इंजी.पर भी जांच**

निगम के तत्कालीन ईई सुनील जैन, सब इंजीनियर विक्टर वर्मा को भी नोटिस जारी किया गया है। इनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू हो गई है। इनके कार्यकाल में भी दोनों तालाबों का काम शुरू हुआ था। ये दोनों अधिकारियों का ट्रांसफर भिलाई-चरोदा निगम से हो चुका है। तालाब सौंदर्यीकरण का टेंडर से लेकर इससे जुड़े कार्यो की जांच की जा रही है। ठेकादारों के अन्य विकास कार्यो का भी चेक किया जा रहा है।


**लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

तालाब के दीवार ढहने के मामले में ठेकेदरों को नोटिस जारी कर निर्माण करने के निर्देश दिए गए हैं। काम जब तक बेहतर ढंग से पूरा नहीं होगा पेमेंट रोका गया है। जांच जारी है। विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी।

-डीएस राजपूत, आयुक्त भिलाई-चरोदा निगम

## किसी को न हो संदेह, इसलिए प्रेमी के साथ पति की हत्या कर शव 15 किमी दूर फेंका, दोनों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने अपने ही पति की हत्या कर शव को 15 कमी दूर फेंक कर फरार हो गए। घटना में प्रेमी और पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि चौकी नगपुरा में स्थित आंवला बाड़ी में 24 अगस्त को एक शव बरामद हुआ था। जिसका शिनाख्त पुलिस ने धनेश ठाकुर के रुप में हुई, जिसकी उम्र 40-45 वर्ष थी। पुलिस के शॉर्ट पीएम में पता चला कि धनेश को किसी ठोस वस्तु से चोट पहुचाई गई है। पुलिस जांच में जुट गई। एसीसीयू और पुलगांव थाने की संयुक्त टीम को मुखबिर की सूचना पर पूछताछ किया। पुलिस को पता चला कि मृतक धनेश ठाकुर की पत्नी अंजनी ठाकुर का प्रेम वार्ड 34 सरस्वती नगर दुर्ग कोतवाली निवासी हरपाल सिंह राजपूत उर्फ छोटू के साथ है। अंजनी ठाकुर के घर युवक का आना जाना और घनिष्ठता होने की खबर पुलिस को मिली। संदेही हरपाल सिंह राजपुत से पूछताछ करने पर मृतक धनेश ठाकुर की पत्नी अंजनी ठाकुर से 25 वर्षों से प्रेम संबंध होना स्वीकार किया। अंजनी का पति धनेश ठाकुर शराब पीने का आदी था। पिछले दो माह से काम पर नहीं जा रहा था।

घर पर ही रहता था और शराब पीने के लिए अपनी पत्नी से पैसा मांगता था। नहीं देने पर गाली गलौज करता था। इसके कारण अंजनी और हरपाल सिंह को मिलने जुलने में दिक्कत हो रही थी। अंजनी और हरपाल ने मिलकर धनेश ठाकुर को रास्ते से हटाने का प्लान तैयार किया।

**खबर संक्षेप**

## कुणाल का जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में अध्ययनरत कुणाल साहू पिता झगेश्वर कुमार साहू, ग्राम दुपचेरा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली मालीघोरी में कक्षा षष्ठ में हुआ है। कुणाल साहू ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने आचार्य, माता–पिता एवं परिवार के सदस्यों को दिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य फल देव साहू, बौद्धिक प्रमुख वरिष्ठ आचार्य सूखीत राम कलीहारी, आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, दीदी चितेश्वरी साहू, दीदी लीलेश्वरी, छबीलता पटेल, रंजना सिन्हा, रेणुका सिन्हा, ईश्वरी ठाकुर, सलाहकार मंडल के संयोजक रमेश कुमार यादव, सहसंयोजक हीरामन साहू, सदस्य राधेलाल साहू, दयाराम ठाकुर, डॉक्टर भोजूराम साहू, कल्याण पटेल, परशु पटेल ,भैया राम साहू ,प्रतिमा साहू, डमेश्वरी साहू एवं भैया बहनों ने हर्ष व्यक्त कर उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना किया।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई

**बालोद।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिले के पीएमश्री स्कूल कन्नेवाड़ा खेल मैदान में 'मोर खेल मोर गौरव' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सहायक जिला खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने बताया कि 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला हॉकी संघ के सहयोग से जिले के बालोद विकासखण्ड के पीएमश्री स्कूल कन्नेवाड़ा में 29 से 31 अगस्त तक 'मोर खेल मोर गौरव' थीम पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## कृषि विज्ञान केन्द्र अरौद में आज मनाई जाएगी बलराम जयंती

**बालोद।** भारतीय किसान संघ जिला बालोद एवं कृषि विज्ञान केन्द्र अरौद के द्वारा आज को कृषि विज्ञान केन्द्र अरौद में 11 बजे बलराम जयंती मनाया जायेगा। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू ने समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं व सभी तहसीलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## मकान से 1.40 लाख की चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** छत के सहारे मकान के भीतर प्रवेश कर चोरी करने का मामला सामने आया है। मकान से कुल 8 हजार रुपए का सामान पार किया गया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि पंचशील नगर दुर्ग वार्ड 1 दुर्ग निवासी धर्मेश देशमुख का ग्राम नगपुरा चौक में कृषि केन्द्र का शॉप है। अपने मकान मे ताला जड़कर परिवार समेत ग्राम अंजोरा (ढाबा) गए हुए थे। 26 अगस्त की रात बडे भाई धर्मेन्द्र देशमुख पंचशील नगर स्थित मकान में पहुंचे। तीन आलमारी टुटा हुआ था अज्ञात ने सोने का चेन, गणेश भगवान की सोने का लॉकेट, एक रिंग, नगदी 25 हजार रुपए गायब मिला। वहीं दूसरी चोरी नेवई थाना क्षेत्र की है।

**आयोजन**

**ग्रामीणों का दावा सांप या बिच्छू के काटने से आज तक एक भी मौत नहीं हुई**

# गुरुभक्ति की 70 साल पुरानी परंपरा फूलझर में मनाई गई ऋषि पंचमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले का एक ऐसा गांव जहां 70 वर्ष से ऋशि पंचमी के अवसर पर शिष्य अपने गुरू के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजन के साथ पुराने गुरूओ को यादकर पूजा व सेवागीत का आयोजन करते हुए। गुरूओ की याद में सांप को छोड़ने का काम करते है। जिस गांव में ग्रामीण दावा करते है कि सांप या बिच्छू के काटने से आज तक एक भी मौत नही हुई।

गुरू के लिए समर्पित पर्व ऋशि पंचमी आज जिले में मनाया गया, जिसके तहत विभिन्न ग्रामो में विभिन्न परंपराएं देखने को मिली लेकिन सभी परंपराओ का एक ही उद्देश्य गुरू का सम्मान करते हुए उनके सिखाए गए मार्ग में चलकर आगे बढ़ना।

इसी के तहत ग्राम पैरी से लगे ग्राम फूलझर में ऋशि पंचमी के अवसर पर एक अनोखी परंपरा कई सालो से मनाई जा रही हैं, जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी ग्राम के युवा, बुजुर्ग उसे आगे बढ़ाते जा रहे है और अपने ग्राम की परंपरा को जीवंत रखने मे प्रमुख योगदान निभा रहे है। ग्राम फूलझर निवासी ललित





जोशी, सुखदेव राम यादव, डामन लाल यादव, प्रहलाद कुमार, बि"ाशर राम साहू, महेन्द्र कुमार साहू, सांवत राम साहू ने बताया कि ग्राम मे पिछले 70 वर्ष से गुरू के लिए समर्पित ऋशि पंचमी का त्यौहार मनाया जा रहा है। जिसके आयोजन का उद्दे"य गुरू की महिमा का बखान व गुरू से शिक्षा ग्रहण कर उस शिक्षा को साल में फिर से एक बार फिर रिविजन या दोहराव करके उसे और ज्यादा अच्छे से अपनाने व कुछ त्रुटि होने पर उसमे सुधार कर और श्रेष्ठ बनने के लिए ऋशि पंचमी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

ग्रामीणो ने बताया कि उनके ग्राम में 18 वर्ष की उम्र होने के बाद हर युवक को जगहरीले जीव जंतु जैसे सांप बिच्छु से बचाव की शिक्षा मौखिक व प्रायोगिक रूप से समय समय पर दी जाती है। जिसके तहत ऋशि पंचमी के अवसर पर इसका विशेष आयोजन किया जाता है। ग्रामीणो ने कहा जहां ग्राम के किसी घर में सांप बिच्छु घुसने पर बाहर से या किसी अन्य घर से दूसरे व्यक्ति को बुलाने की जरूरत नही होती बल्कि ग्राम के प्रत्येक युवा व बुजुर्ग इससे बचाव व उक्त जीव जंतु को बिना कोई नुकसान पहुंचाए सुरक्षित बचाव करते हुए किसी खाली जगह मे छोड़ने जैसे काम ग्राम के प्रत्येक 18 वर्ष से उपर के युवको से लेकर बुजुर्ग जानते है। जिसके कारण आज तक ग्राम मे सांप या बिच्छु या जगहरीले जीव जंतु के काटने के कारण आज तक ग्राम के किसी भी व्यक्ति की मौत नही हुई है और ना ही सांप या बिच्छु को मारा जाता है बल्कि गांव मे या गांव के किसी घर मे पाए जाने पर उसे सुरक्षित पकड़कर गांव से बाहर छोड़ दिया जाता है। ग्रामीणो ने बताया कि ऋशि पंचमी के अवसर पर पिछले 70 वर्षों से गुरू के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाता आ रहा है। जिसके तहत ऋशि पंचमी के दिन पूरे ग्राम के 18 वर्ष से लेकर युवा बुजुर्ग ग्राम के एक निश्चित जगह ईकठ्ठा होकर दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम का आयोजन करते है जिसमे गुरू का सम्मान पूर्वक स्वागत किया जाता है।

### ऋषि पंचमी पर्व पर ग्रामवासी जंगल से लाए जड़ी-बूटी



**डौंडीलोहारा।** ऋषि पंचमी के पावन अवसर पर ब्लॉक के ग्राम आलीखूंटा में परंपरा अनुसार ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जंगल जाकर औषधीय जड़ी-बूटियां संग्रहित की। इस अवसर पर बैगा देवलाल निषाद अपने शिष्य सेवन विश्वकर्मा, सेतराम साहू, ओमप्रकाश रेमन, उर्वशा डामन, कोकिला जीवन यादव, तुषात निषाद, हरीश देवेंद्र रावते, टेमनलाल, मोना रावते, सोनू बढ़ाई आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। ग्रामीणों ने पारंपरिक विधि से पूजन-अर्चन कर जंगल प्रस्थान किया। ऋषि पंचमी पर जड़ी-बूटियां लाने की यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। मान्यता है कि इस दिन एकत्र की गई औषधीय जड़ी-बूटियां घर-परिवार को रोगों से बचाती हैं और स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती हैं। महिलाएं और पुरुष सभी इस परंपरा में समान रूप से भाग लेते हैं। बैगा देवलाल निषाद ने बताया कि जंगल की प्राकृतिक संपदा हमारे लिए अमूल्य धरोहर है। आयुर्वेदिक उपचार में प्रयुक्त होने वाली जड़ी-बूटियां गांव के हर परिवार की छोटी-मोटी बीमारियों के लिए कारगर साबित होती हैं।

## 30 सितंबर तक मनाया जाएगा शिशु संरक्षण माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके के निर्देशन में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अन्तर्गत शिशु संरक्षण माह 29 अगस्त से 30 सितंबर तक मनाया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में बच्चों को विटामिन–ए की खुराक पिलाई जाएगी।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेके सिंह ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान सत्र का आयोजन मंगलवार और शुक्रवार को किया जाएगा। एक माह तक चलने वाले अभियान को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में सुबह 09 बजे से शाम 04 बजे तक ग्रामीण व शहरी क्षेत्रें में बच्चों को विटामिन ए सिरप, आयरन सिरप, बच्चों का वजन तथा आंगनबाड़ी स्थित सत्रें में संपूरक पोषण आहार की सेवाओं का हितग्राहियों की पात्रता और पोषण तत्वों की आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केन्द्रों में पोषण आहार की प्रदायगी समेत संक्रमण के उपचार के लिए तत्काल व्यवस्था किया जाएगा।

■ विटामिन–ए एवं आयरन सिरप वितरण की तैयारी

उन्होंने बताया कि जिले में 1994 टीकाकरण सत्रें का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले में 09 माह से 05 वर्ष के कुल लक्षित 77291 बच्चों को विटामिन ए एवं 06 माह से 05 वर्ष के कुल लक्षित 81 हजार 838 बच्चों को आयरन सिरप की दवा एक एमएल सप्ताह में दो बार दी जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अन्य विभागों के समन्वय से इस अभियान को सफल बनाया जा रहा है।

## खपरी स्कूल में मध्यान्ह भोजन के लिए थाली का वितरण किया गया



**अंडा।** टॉपवर्थ स्टील्स एवं पॉवर प्रा.लिमिटेड रसमड़ा,द्वारा ग्राम खपरी (सिलोदा) के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के 200 बच्चों को, मध्यान्ह भोजन हेतु स्टील थाली का वितरण किया गया। कम्पनी के उपमहाप्रबंधक कमलेश पवार , और वरिष्ठ अधिकारी ओमप्रकाश साहू एवं सांसद प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच नारायण साहू द्वारा अपने हाथों से बच्चों को थाली का वितरण किया गया।

थाली पाकर बच्चों के चेहरे से अपार खुशी छलक रही थी। इस अवसर पर मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक जीवन चन्द्राकर द्वारा अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल के सभी शिक्षक भोजराम यादव, पुष्पा देवी देशमुख, उपेंद्र कुमार कटेन्द्र, विष्णुशंकर साहू, वन्दना रामटेके, दुष्यंत कुम्भकार, लक्ष्मी साहू, सुरुचि ठाकुर व सभी रसोइया व सफाई कर्मी उपस्थित रहे व कम्पनी के अधिकारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किये।

## जिला पंचायत सीईओ ने मनरेगा व राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुरुर

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने जिले के गुरूर विकास के विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण कर मनरेगा एवं राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यों का जायजा लिया।

जिला पंचायत सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम धनेली में मनरेगा एवं भोथली में राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान चंद्रवंशी ने बताया कि गुरूर विकासखण्ड के ग्राम भोथली में ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत भोथली के 35 ग्रामीण और मनरेगा श्रमिक राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। सीईओ चंद्रवंशी ने राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ग्रामीणों से प्रशिक्षण कार्य की जानकारी भी ली। प्रशिणार्थियों ने बताया कि प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा उन्हें नाप–जोख, ईट चिनाई, फ्लोरिंग, प्लास्टरिंग, लेवलिंग एवं भवन निर्माण की तकनीकी जानकारी दिया जा रहा है। जिससे वह तकनीकी और व्यवहारिक ज्ञान का समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। सीईओ चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत धनेली मे मनरेगा कार्य, मिश्रित वृक्षारोपण, तटबंधान कार्य और ग्राम पंचायत भोथली में आवास निमार्ण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधितों को समय–सीमा पर आवास पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला आवास समन्वयक, तकनीकी सहायक, मनरेगा अधिकारी सहित ग्राम सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित थे।



## 130 श्रद्धालु सेवा साधना के लिए तिरुपति बालाजी रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सत्य साईं सेवा समिति बेलोदी के माध्यम से 130 श्रद्धालु महिला पुरुष सत्य साई सेवा धाम आंध्रप्रदेश में 31 अगस्त से 8 सितंबर तक सेवा साधना के लिए रवाना हुए। उसके पहले श्रद्धालु गण तिरुपति बालाजी के दर्शन करेंगे।

श्रद्धालु गण ग्राम बेलोदी, हल्दी, भठागांव, बिरेतरा, जोरातराई, बोदल, खलारी, मचौद, चौनगंज, बोदल, कोडेवा, पैरी, फुलझर आदि ग्रामों से है, जिनके ग्रुप लीडर अनिल कटहरे के साथ साहित्यकार अशोक आकाश, केशवराम साहू, गोपाल बंजारे, देवीलाल चंद्राकर, बेणीराम सर्वा, महादेव रजक, लखन लाल साहू, मोहनलाल निषाद, देवनारायण, पतिराम साहू, नेतराम सेन, रामजी विस्वकर्मा, दूजराम, विष्णु साहू, हजारी राम कश्यप, चौनसिंह कमरे, खोमलाल ठाकुर, वेद बाईसाहू, हेमलता, मंगतीन बाई, सोहेला बाई, शिव कुमारी, रेवतीसाहू, कुमारी बाई धीवर, फूलबाई, नाथिया बाई, ऊर्मिला बंजारे उपस्थित थे।

## कोटपा एक्ट तहत की 25 चालानी कार्रवाई और नशा मुक्ति के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में कोटपा एक्ट 2003 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

इसके साथ ही औषधियों का नशे के रूप में दुरूपयोग के रोकथाम हेतु स्कूली एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्रओं को जागरूक भी किया जा रहा है। औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बताया कि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार तथा सहायक औषधि नियंत्रक के मार्गदर्शन में जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सिकोसा एवं बालोद विकासखण्ड के लाटाबोड़ में संचालित विभिन्न प्रतिष्ठानों में कोटपा एक्ट 2003 के तहत 25 चालानी कार्यवाही की गई। इसके साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शालाओं एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को औषधियों के नशे के रूप में दुरूपयोग के रोकथाम हेतु जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले के शासकीय कन्या महाविद्यालय बालोद एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इसके साथ ही जिले में संचालित औषधि प्रतिष्ठानों का भी औचक निरीक्षण कर औषधियों के नशे के रूप में दुरूपयोग के रोकथाम हेतु कार्रवाई की जा रही है।

## वित्तीय समावेशन शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वित्तीय समावेशन योजनाओं के संतृप्ति हेतु चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा समीप के धनगाँव ग्राम पंचायत में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में खाताधारकों के बकाया खातों की पुनः केवाईसी की प्रक्रिया संपन्न की गई।शिविर का अवलोकन करने रायपुर से भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक रीनी अजीत पहुंची। उन्होंने प्रगति की समीक्षा करते हुए स्थानीय निवासियों, बैंक अधिकारियों और व्यापार प्रतिनिधियों से चर्चा की। उन्होंने पुनः केवाईसी की आवश्यकता और महत्व पर जोर देते हुए प्रतिभागियों को शिविर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की ताकि खाताधारकों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे। शिविर में उपस्थित लोगों को भारतीय रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना 2021, दावा न की गई जमा राशियों और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारियां दी गईं।

## निगरानीशुदा बदमाश की हत्या या मौत?

**भिलाई।** निगरानीशुदा बदमाश की हत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक पुरानी बस्ती कोहका निवासी निगरानीशुदा बदमाश प्रेमलाल चौहान उर्फ प्रेमा का शव उसके घर के बाथरुम में संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। मकान का दरवाजा अंदर से बंद था। घर पर मृतक अकेला रहता था। घटना में उसके सिर के पीछे चोट आई है। मौके पर फोरेंसिक एक्टसपर्ट की टीम भी पहुंची थी। जहां बदमाश को चोट आई है हत्या के आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन मृतक विवाहित है बच्चे उसके नहीं है। चूड़ी लाइन में इसका दुकान है किराए के रकम आने पर अपना जीवन चलाता था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## ग्राम तरौद में सम्पन्न हुई दो दिवसीय रामधुनी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता एवं सम्मेलन ग्राम तरौद बालोद में सम्पन्न हुआ। जिसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष बालोद तोमन साहू थे। अध्यक्षता वैभव साहू ने किया और विशेष अतिथियों में ग्राम के सरपंच धर्मेंद्र रामटेके के अलावा सीबी साहू, गोपेन्द्र कौशिक, जयप्रकाश यादव, जगत सींग ठाकुर, माया भारद्वाज, टिकेश्वरी पटेल, निशा पटेल उपस्थित रहे। सभी आगंतुक अतिथियों को श्रीफल भेंट कर जय बाबा माडिया देव समिति द्वारा सम्मान किया गया।



जिसमे प्रथम पुरस्कार पूजा के फूल रामधुनी परिवार भटगांव कलंगपुर, द्वितीय पुरस्कार जय मां त्रिपुरा सुंदरी रामधुनी मण्डली परवाडीह राजनांदगांव, तृतीय पुरस्कार जय मां कर्मा रामधुनी मण्डली गुजरा डोमा जिला धमतरी, चतुर्थ पुरस्कार जय मां शीतला रामधुनी मण्डली नन्ने मुन्ने अमलीपारा जिला धमतरी, पंचम पुरस्कार जय ज्ञान गंगा रामधुनी मण्डली बारला सिवनी धमतरी ने प्राप्त किया। जिसमे बेस्ट संगीत श्री कृष्ण रामधुनी मण्डली गातापार पो कोर्रा जिला धमतरी, बेस्ट कथा जय दुर्गे रामधुनी मण्डली ढिमरटीकुल जिला धमतरी, बेस्ट गायक पूजा के फूल रामधुनी परिवार भटगांव पो. कलंगपुर जिला बालोद, बेस्ट झांकी संगी जहुरिया रामधुनी मण्डली छिपली जिला धमतरी, अनुशासित मण्डली जय मां सिंहवाहिनी रामधुनी मण्डली सेनहाभांठा जिला धमतरी, बेस्ट वेशभूशा जय बस्तरिया रामधुनी मानस परिवार बरकई उत्तर बस्तर कांकेर, बेस्त नृत्य जय शीतला रामधुनी मण्डली बोड़ला जिला धमतरी ने प्राप्त किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411